सैनिक डेरी फार्म

*476. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में कुल कितने सैनिक डेरी फार्म हैं और उनमें भारतीय, विदेशी तथा संकर नस्ल की कितनी-कितनी गायें हैं ;

(ख) इन गायों से प्रतिदिन कितना दूध प्राप्त होता है ;

(ग) क्या यह सेना की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त है ;

(घ) यदि नहीं, तो शेष आवश्यकता की पूर्ति किस प्रकार की जाती है ; और

(ङ) क्या सैनिक डेरी फार्म के पशुओं के चरने के लिए पर्याप्त चारा-गाह क्षेत्र हैं, यदि हां, तो वे कहां-कहां पर हैं ?

रक्षा मंत्री (श्री शरद पवार) : (क) से (ङ०) भारत में कुल 84 सैनिक फार्म हैं, इनमें से 41 फार्मों में दुधारू पशु हैं । फार्मों में उपलब्ध गायों का विवरण निम्न प्रकार से है :—

नस्ल	प्रौढ	हाईफर्म तथा बछड़े
भारतीय (साहीवाल)	94	60
संकर नस्ल (होल्स्टीन-फ्रिसियन और साहीवाल का संकर प्रजनन)	12,596	9213
विदेशी नस्ल	शून्य	शून्य

दूध के उत्पादन की मात्रा भिन्न-भिन्न मौसमों में दिन प्रतिदिन अलग-अलग होती है और यह विभिन्न कारणों पर निर्भर करती है । वर्ष 1991–92 के दौरान दैनिक औसत उत्पादन 80,532 लीटर था ।

सैनिक फार्मों में उत्पादित दूध सैन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है । दुध की शेष आवश्यकता सहकारी दुग्ध संगठनों/सरकारी दुग्ध योजनाओं या निजी व्यापारियों से खरीद कर पूरी की जाती है ।

केवल निम्नलिखित 13 सैनिक फार्मों में उनके पशुओं के लिए चारे के लिए पर्याप्त चारागाह हैं :—

1. बंगलौर
2. पानागढ़
3. अम्बाला
4. बीर सोरगवाल
5. जालंधर
6. फिरोजपुर
7. आगरा
8. इलाहाबाद
9. बरेली
10. कानपुर
11. लखनऊ
12. मेरठ
13. नामकुम

Setting up of cotton mills in Gujarat

*477. SHRI RAJUBHAI A. PARMAR: Will the Minister of TEXTILES be pleased to state: (a) what are the names of the places in Gujarat where cotton mills in cooperative sector have been set up;

(b) what are the district-wise details thereof; and (c) what are the names of the district in which these mills are likely to be set up during the nejft year?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI ASHOK GEHLOT): (a) and (b) As per the information made available by National Cooperative* Development Corporation, cotton